पंचनामा                                                    दिनांक 20/08/2022

हम पंचगण यह तस्दीक करते है कि एन.डी.बी.-6 योजना अन्तर्गत आरोन - राघौगढ़ वाया विदोरिया मार्ग (लम्बाई 32.69 कि.मी.) हेतु वनभूमि प्रकरण के सम्बन्ध में मैनेजिंग वनमण्डल अधिकारी महोदय गुना के पत्र क्रमांक /मा.चि./2022/6838 दिनांक 13/07/2022 के अनुपालन में वर्तमान में मार्ग का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में वनपरिक्षेत्र राघौगढ़ अन्तर्गत उक्त मार्ग बीट आनंदपुर, मोहिना, जैतपुर, तथा ईसारोदा के वनकक्ष क्रमांक P682, P683, P688, 684, P686, तथा P687 से होकर गुजरता है। उक्त वनकक्ष क्रमांकों से गुजरने वाली लम्बाई क्रमश: 2534 मीटर, 964 m, 895 m, 473 m, 1305 m तथा 744 meter है। अतः वनक्षेत्र में कुल दूरी 6915 मीटर लम्बाई है। तथा उक्त सभी वनकक्ष वनखण्ड संचालित वनखण्ड राघौगढ़ उत्तर में आते है। आवेदन हेतु रोड की शोल्डर सहित चौड़ाई 15 मीटर आवश्यक है। अतः कुल प्रभावित वनक्षेत्र का रकबा 6915m X 15m = 103725 m² = 10.38 Ha होगा। आवेदित क्षेत्र मे बीटवार, वनकक्ष वार खड़े पेड़ो की नम्बरिंग की गई जिन्हें पृथक से सूचीबद्ध किया जाकर संलग्न किया जाता है। आवेदित क्षेत्र भू-क्षरण की दृष्टि से संवेदनशील नहीं है। तथा कोई पुरातात्विक/पारम्परिक एवं रक्षा प्रतिष्ठान जैसी कोई महत्वपूर्ण संरचना नहीं है। आवेदित क्षेत्र में कुछमात्र निर्माण के पेड़ है जिनकी [illegible] जानकारी तैयार कर संलग्न की गई है। आवेदित क्षेत्र में पूर्व में वनसंरक्षण अधिनियम के उल्लंघन में कोई कार्य नहीं किया गया है। पंचनामा पढ़कर उपस्थित जनों को सुनाया गया तथा सुनकर सही पाकर उपस्थित जनों ने अपने अपने हस्ताक्षर किये जो सही है।

पंचनामा मेरे द्वारा लिखा गया

Govardhan sharma
B.G. Jaitpur

A.S. Parmar
F.G. A.moijan

S.B. Kujur
वनपाल
प.स. राघौगढ़

के.सी. अहीर
R.O. Raghogarh

मयंक श्रीवास्तव
वि. ईसारोदा

सतीश श्रीवास्तव

पंचनामा दिनांक - 23/08/2022

हम सभी पंचगण नीचे हस्ताक्षर निशानी अंगूठा करने वाले सही-सही तस्दीक कर यह पंचनामा लिखा देते है। कि आज दिनांक 23/08/2022 को श्रीमान वनपरिक्षेत्राधिकारी महो. आरोन के द्वारा प. स. बरखेड़ाहाट, बीटगार्ड पुरा सहरोक एवं अन्य वन स्टाफ तथा रोड प्रोजेक्ट मैनेजर श्री सुशील कुमार जैन के हमराह, श्रीमान वनमण्डलाधिकारी महो. गुना के पत्र क्र. DM/6838/2022 दिनांक 13/07/2022 के पालन में ए. डी. बी.-6 योजना अंतर्गत वनभूमि प्रकरणों के संबंध में आरोन राघोगढ़ वाया बिदोरिया मार्ग (लम्बाई 32.69 KM.) उन्नयन एवं चौड़ीकरण हेतु पूर्व से बने मार्ग का स्थल निरीक्षण कर सत्यापन किया गया। वनपरिक्षेत्र आरोन की बीट पुरा-सहरोक के कक्ष क्र. P710, P711, P712, P713 में पूर्व से निर्मित सड़क मार्ग के उन्नयन एवं चौड़ीकरण हेतु निर्माणाधीन एजेंसी द्वारा चाही गई चौड़ाई एवं लम्बाई तथा उसके अंतर्गत आने वाले वृक्षो, जिनकी नापतौल कर प्रजाति बार सूची स्टाफ द्वारा बनाई गई थी का सत्यापन किया गया जो निम्नानुसार पाया गया

| क्र. | बीट का नाम | कक्ष क्र. | प्रभावित वन क्षेत्र ल. (मी.) | प्रभावित वन क्षेत्र चौ. (मी.) | कुल प्रभावित वन क्षेत्र (हे.) | वन क्षेत्र में प्रभावित वृक्ष संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पुरा सहरोक | P710 | 353 | 15 | 0.530 हे. | 08 |
| 2. | " — " | P711 | 3150 | 15 | 4.725 हे. | 392 |
| 3. | " — " | P712 | 1255 | 15 | 1.882 हे. | 707 |
| 4. | " — " | P713 | 3480 | 15 | 5.220 हे. | 1288 |

इस प्रकार वन परिक्षेत्र आरोन अंतर्गत कुल प्रभावित वन क्षेत्र की लम्बाई 8238 मी. तथा चौड़ाई 15 मी. एवं कुल रकबा 12.357 हे. एवं प्रभावित वृक्ष संख्या 2395 पाई गई। आवेदित क्षेत्र भूक्षरण की दृष्टि से संवेदनशील नहीं है। तथा इसके अंतर्गत कोई पुरातात्विक/पारम्परिक एवं रक्षा प्रतिष्ठान जैसी कोई महत्वपूर्ण संरचना नहीं है। तथा वनसंरक्षण अधिनियम का उलंघन नहीं किया गया है।

मौका पंचनामा लिखा गया। पढ़ा सुना बाद हस्ताक्षर किए सो सही वक्त जरूरत काम आवे।

पंचनामा मेरे द्वारा
लिखा गया

Nishant Jain
निशान्त जैन (वन.)
बीटगार्ड पुरासहरोक

प.स. बरखेड़ाहाट

R.O. आरोन
23/08/2022

सुशील कुमार जैन